समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# DDU रिजल्ट 2024-25: गोरखपुर यूनिवर्सिटी ने जारी किए 39 UG और PG कोर्सेस के परीक्षा परिणाम, ऐसे करे चेक।

Publisher

Published on 28 Jun 2025

## DDU ने जारी किए UG और PG कोर्स के रिजल्ट।

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (DDU)** ने **शैक्षणिक सत्र 2024-25** के लिए आयोजित **39 अंडरग्रेजुएट (UG)** और **पोस्टग्रेजुएट (PG)** पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम (Result) जारी कर दिए हैं। इस बार परीक्षाओं में **कुल 2,03,473 छात्रों** ने भाग लिया था।

**स्नातक (UG) के घोषित परिणाम**

**DDU की ओर से जिन UG सेमेस्टरों के परिणाम घोषित किए गए है**, उनमें शामिल हैं:

१. **बी.ए.: द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर**
२. **बी.बी.ए.: द्वितीय और षष्ठम सेमेस्टर**
३. **बी.कॉम.: द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर**
४. **बी.कॉम. (बैकिंग एवं इंश्योरेंस): चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर**
५. **बी.एससी.: द्वितीय और षष्ठम सेमेस्टर**
६. **बी.एससी. गृह विज्ञान / कृषि : द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम सेमेस्टर**
७. **बी.एच.एम.सी.टी.: द्वितीय सेमेस्टर**
८. **एलएल.बी.: षष्ठम सेमेस्टर**

**परास्नातक (PG) के घोषित परिणाम**

घोषित **PG कोर्स मे जिन विषयों के सेमेस्टर परिणाम** जारी किए गए हैं:

१. **एम.ए.: प्राचीन इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी, भूगोल, हिन्दी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, उर्दू, मंचकला, दृश्यकला**

२. **एम.ए./एम.एससी.: रक्षा अध्ययन**

३. **एम.एससी.: वनस्पति विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान**

### कहां और कैसे करे रिजल्ट चेक ?

छात्र **गोरखपुर विश्वविद्यालय** की आधिकारिक वेबसाइट www.ddugu.ac.in पर जाकर अपने रिजल्ट चेक कर सकते हैं। वेबसाइट पर रोल नंबर और अन्य जानकारी भरकर आसानी से परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

### कुलपति की शुभकामनाएं

**DDU कुलपति प्रो. पूनम टंडन** ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, "समय से परीक्षा परिणाम घोषित करना हमारी प्रतिबद्धता है। विश्वविद्यालय पारदर्शिता और शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए संकल्पबद्ध है।"

### त्रुटि सुधार की सुविधा — '**समर्थ पोर्टल**'

यदि किसी छात्र को अपने परिणाम में कोई त्रुटि दिखाई देती है, तो वह '**समर्थ पोर्टल**' के माध्यम से सुधार के लिए आवेदन कर सकता है। यह सुविधा छात्रों के लिए पारदर्शिता और संतुलित मूल्यांकन सुनिश्चित करती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.